प्रेस नोट

जनपद सीतापुर

अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़, अभियुक्त गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक सीतापुर श्री आर.पी. सिंह द्वारा जनपद सीतापुर में अपराध नियंत्रण एवम् आगामी पंचायत चुनाव को सकुशल संपन्न कराने हेतु अवैध असलहों की रोकथाम के लिये सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है।

दिये गये निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी के निकट पर्यवेक्षण में दिनांक 21.02.2021 को थाना रामपुरमथुरा की पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए गोबरे पुत्र स्व0 हरद्वारी पासी निवासी ग्राम पासिनपुरवा मजरा बाँसुरा थाना रामपुर मथुरा जिला सीतापुर को अवैध शस्त्रों का निर्माण करते हुए बासुरा चौराहे के पास से गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से मौके से 02 निर्मित अवैध शस्त्र व 03 अदद अर्द्ध निर्मित देशी तमंचा 12 बोर व 2 अदद जिन्दा कारतूस एवं अवैध शस्त्र बनाने व मरम्मत करने के उपकरण बरामद हुए है। उक्त संबंध में थाना रामपुर मथुरा पर मु0अ0सं0 48/21 धारा 3/5/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर अभियुक्त का चालान माननीय न्यायालय किया गया।

अभियुक्त गोबरे उपरोक्त एक अभ्यस्त अपराधी है, जो काफी समय पूर्व से ही अवैध शस्त्र बनाने के कार्य में लिप्त था एवम् इसके विरुद्ध सीतापुर के अतिरिक्त जनपद बाराबंकी में भी अवैध शस्त्र फैक्ट्री के संबंध में अभियोग पंजीकृत है। जनपद में अपराध एवम् अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही निरंतर इसी प्रकार चलती रहेगी। उक्त अवैध शस्त्र फैक्ट्री की बरामदगी से जनपद में अवैध असलहे के प्रयोग में प्रभावी नियंत्रण संभव हो सकेगा।

पंजीकृत अभियोग- मु0अ0सं0 48/21 धारा 3/5/25 आयुध अधिनियम थाना रामपुर मथुरा जनपद सीतापुर।

अभियुक्त का नाम व पता- गोबरे पुत्र स्व0 हरद्वारी पासी निवासी ग्राम पासिनपुरवा मजरा बाँसुरा थाना रामपुर मथुरा जिला सीतापुर

बरामदगी विवरण–

एक अदद देशी तंमचा 315 बोर व एक अदद देशी बन्दूक -12 बोर व 3 अदद अवैध अर्द्ध निर्मित देशी तमंचा 12 बोर व 2 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर व अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण

गिरफ्तारी करने वाली थाना रामपुर मथुरा पुलिस टीम–

1. थानाध्यक्ष श्री अमित सिंह भदौरिया
2. उ0नि0 श्री चन्द्रपाल सिंह
3. उ0नि0 श्री शैलेन्द सिह
4. का0 दीपक कुमार
5. का0 मोहित गुप्ता

आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 141/96 धारा 5/25 आर्म्स एक्ट थाना रामपुर मथुरा, सीतापुर
2. मु0अ0सं0 134/99 धारा 5/25 आर्म्स एक्ट थाना रामपुर मथुरा, सीतापुर
3. मु0अ0सं0 135/99 धारा 25(1-बी) आर्म्स एक्ट थाना रामपुर मथुरा, सीतापुर
4. मु0अ0सं0 148/2000 धारा 5/25 आर्म्स एक्ट थाना रामपुर मथुरा, सीतापुर
5. मु0अ0सं0 139/05 धारा 5/25 आर्म्स एक्ट थाना सदरपुर, सीतापुर
6. मु0अ0सं0 180/2014 धारा 5/25 आर्म्स एक्ट थाना रामपुर मथुरा, सीतापुर
7. मु0अ0सं0 181/2016 धारा 25(1-बी) आर्म्स एक्ट थाना रामपुर मथुरा, सीतापुर
8. मु0अ0सं0 553/2020 धारा 5/25 आर्म्स एक्ट मोहम्मद पुर खाला, बाराबंकी
9. मु0अ0सं0 48/21 धारा 3/5/25 आयुध अधिनियम थाना रामपुर मथुरा जनपद सीतापुर।